पाठ-1

हम होंगे कामयाब

- गिरिजा कुमार माथुर

होंगे कामयाब, होंगे कामयाब
हम होंगे कामयाब एक दिन
हो हो मन में है विश्वास
पूरा है विश्वास
हम होंगे कामयाब एक दिन

होगी शांति चारों ओर
होगी शांति चारों ओर
होगी शांति चारों ओर
एक दिन

हो हो मन में है विश्वास
पूरा है विश्वास
होगी शांति चारों ओर एक दिन

हम चलेंगे साथ-साथ
डाल हाथों में हाथ
हम चलेंगे साथ-साथ
एक दिन



हो हो मन में है विश्वास
पूरा है विश्वास
हम चलेंगे साथ-साथ
एक दिन

नहीं डर किसी का आज
नहीं भय किसी का आज
नहीं डर किसी का आज के दिन
हो हो मन में है विश्वास
पूरा है विश्वास
नहीं डर किसी का आज के दिन

शिक्षण संकेत

यह गीत केवल गाने की दृष्टि से रखा गया है। शिक्षक-शिक्षिका इस गीत को स्वयं गाकर बच्चों को सुनाएँ और उन्हें अपने साथ-साथ गवाएँ।

स्रोत : राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'आओ मिलकर गाएँ'

अभ्यास-माला

1. 'हम होंगे कामयाब' की तरह और कोई समूह में गाने लायक गीत खोजो और कक्षा में गाकर सुनाओ।

2. हम कहाँ-कहाँ कामयाब यानी सफल हो सकते हैं ? आओ, बताएँ :

हम हिंदी सीखने में कामयाब होंगे।

हम खेल के मैदान में कामयाब होंगे।

हम --------------- कामयाब होंगे।

हम --------------- कामयाब होंगे।

3. इन चित्रों को ध्यान से देखो और बताओ ये किस-किस सेवा में कामयाब हुए हैं?

डॉक्टर

4. अब बताओ, तुमलोग क्या-क्या बनना चाहते हो और क्यों ?



मैं ------- बनना चाहता हूँ ;

क्योंकि --।

5. आओ, समूह में चर्चा करें और बताएँ :

(क) हम कैसे कामयाब हो सकते हैं ? ....

(ख) हम साथ-साथ चलकर क्या-क्या कर सकते हैं ? ....

6. आओ, पाठ के आधार पर बताएँ :

क) हमें किस बात का विश्वास है ? ....

ख) एक दिन चारों ओर क्या होगी ? ....

ग) हम कैसे चलेंगे ? ....

घ) हमें किसी का डर है क्या ? ....

7. आओ, अपना-अपना परिचय दें :

मेरा नाम .... है।

मैं .... कक्षा में पढ़ता / पढ़ती हूँ।

मेरी उम्र .... साल है।

मेरा शौक .... है।

मेरे विद्यालय का नाम .... है।

8. आओ, इस गीत का सरल अर्थ जान लें :

हमें पूरा विश्वास है कि एक दिन आएगा जब हम सफलता प्राप्त करेंगे और संपूर्ण विश्व में शांति का साम्राज्य होगा। हम हमेशा बिना किसी भय के साथ-साथ आगे बढ़ते रहेंगे।

9. आओ, पाठ में आए कुछ शब्दों के अर्थ जानें :

कामयाब	=	सफल	डर	=	भय
ओर	=	दिशा, तरफ	पूरा	=	संपूर्ण, परिपूर्ण